**खबर संक्षेप**

## कई क्षेत्रों में बरसे बदरा लेकिन उमस ने बढ़ाई परेशानी

नई दिल्ली। वीकेंड के अवसर पर रविवार को दिल्ली के कई क्षेत्रों में बदरा के बरसने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। लेकिन बारिश के बढ़ी उमस ने दिल्ली वालों को परेशान किया। बारिश की वजह से अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट दर्ज हुई। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) ने बताया कि रविवार को दिल्ली में कई क्षेत्रों में हल्की बारिश दर्ज हुई। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच राजधानी में पॉइंट 6 एमएम बारिश दर्ज हुई। मौसम में आद्रता का स्तर 49 प्रतिशत रहा। क्षेत्रीय स्तर पर पालम में सबसे ज्यादा पानी बरसा, यहां 6.9 एमएम बारिश दर्ज की गई है। जबकि आया नगर में 1.2 एमएम बारिश दर्ज हुई और रिज एरिया में महज पॉइंट 8 एमएम पानी बरसा। आईएमडी के अनुसार दिल्ली का अधिकतम तापमान 39.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा है। जबकि न्यूनतम तापमान 29.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य से 2 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि दिल्ली में इ दिनों प्री मानसून बारिश दर्ज हो रही है। आईएमडी का अनुमान है कि आने वाली 29-30 जून को दिल्ली में मानसून पहुंच सकता है। लेकिन इससे पहले पूरे सप्ताह में एक दो दिन छोड़ दे तो रह रहकर बारिश दर्ज हो सकती है।

## बिजली की मांग गिरकर पहुंची 7 हजार मेगावाट से नीचे

**नई दिल्ली**। दिल्ली में तीसरे दिन बारिश के असर से रविवार को बिजली की मांग में भारी गिरावट देखने को मिली है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार रविवार को मांग लुढ़क कर 6854 मेगावाट रह गई। जबकि एक दिन पहले शनिवार को यह मांग 7007 मेगावाट दर्ज हुई थी। वहीं शुक्रवार को मांग का आंकड़ा 7663 मेगावाट दर्ज हुआ था। बिजली की मांग में आई भारी गिरावट से निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों ने राहत की सांस ली है। क्योंकि इस बार भीषण गर्मी के चलते दिल्ली में बिजली की मांग ऐतिहासिक रिकॉर्ड 8656 मेगावाट तक पहुंच गई थी। बेतहाशा मांग के बढ़ने से बिजली कंपनियों पर निर्बाध आपूर्ति करना चुनौती पूर्ण बना हुआ था। भीषण गर्मी के चलते दिल्ली में करीब 9 बार बिजली की मांग का आंकड़ा 8 हजार मेगावाट या इससे ऊपर दर्ज हुआ। ऐसे में मांग के अनुरूप आपूर्ति करना बिजली कंपनियों के लिए भारी सिर दर्द बन चुका था। लोगों को बिजली कटौती का दंश भी झेलना पड़ा। हालांकि इस दौरान निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल लगातार दावा करती रही कि कहीं कोई कटौती नहीं की गई।

### पानी सत्याग्रह का तीसरा दिन : सहयोगी मंत्रियों, सांसदों और वरिष्ठ नेताओं ने आतिशी का बढ़ाया मनोबल

# हरियाणा सरकार ने दिल्ली तक पानी पहुंचाने वाले बैराज के सभी फाटक किए बंद : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने रविवार को आरोप लगाया कि राज्य को उसके हिस्से का पानी नहीं मिल रहा, क्योंकि हरियाणा ने हथिनीकुंड बैराज के सभी फाटक बंद कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे पर अपना अनिश्चितकालीन अनशन जारी रखेंगी। आतिशी ने कहा कि यमुना नदी पर बने बैराज के गेट बंद होने से राष्ट्रीय दिल्ली में पानी की कमी हो गई है। राष्ट्रीय राजधानी घोर जल संकट का सामना कर रही है और दिल्ली को जल मुहैया कराए जाने की मांग को लेकर आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन रविवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि चिकित्सकों ने आतिशी को उनका अनशन समाप्त करने की सलाह दी है। वहीं रविवार को भोगल आरडब्ल्यूए ने अनशन को अपना समर्थन दिया। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद संजय सिंह, कैबिनेट मंत्री गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज व इमरान हुसैन और वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह समेत कई नेता भी सत्याग्रह में शामिल हुए और आतिशी का मनोबल बढ़ाया। आतिशी ने कहा कि हरियाणा सरकार कहती है कि उनके पास पानी नहीं है, तो वो दिल्ली को पानी कहा से दे। लेकिन शनिवार को जब कई मीडियाकर्मी हथिनीकुंड बैराज गए, तो वहां साफ-साफ देखने को मिला कि हथिनीकुंड बैराज में पानी भरा हुआ है। यहीं से दिल्ली को पानी छोड़ा जाता है। जिस गेट से दिल्ली के लिए पानी छोड़ा जाता है, उसको बंद किया गया है। उन्होंने हरियाणा से विनती करते हुए कहा कि वो हथिनीकुंड बैराज के दरवाज़े खोले और दिल्लीवालों के हक का पानी दे। दिल्लीवालों को उनके हक का पानी मिलना चाहिए। जब तक हरियाणा सरकार दिल्लीवालों को उनके हक़ का पानी नहीं देगी, तब तक उनका अनिश्चितकालीन सत्याग्रह जारी रहेगा।



### हरियाणा पिछले तीन हफ्तों से कम छोड़ रहा है पानी : आतिशी

जलमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली में अपना पानी नहीं है। यहां सारा पानी पड़ोसी राज्यों से आता है। दिल्ली में 1005 एमजीडी पानी की ज़रूरत होती है। इसमें से 613 एमजीडी पानी प्रतिदिन हरियाणा से आता है, लेकिन पिछले 3 हफ़्ते से हरियाणा ने पानी छोड़ना कम कर दिया है। हरियाणा सिर्फ 513 एमजीडी पानी दे रहा है। हरियाणा से दिल्ली को रोजाना 100 एमजीडी पानी कम मिल रहा है। एक एमजीडी से 28,500 लोगों को पानी मिलता है। 100 एमजीडी कम पानी मिलने से दिल्ली के 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल रहा है।

### जब सभी रास्ते बंद हो गए, तब जल मंत्री ने सत्याग्रह करने का फैसला किया : राय

आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा जब सारे रास्ते बंद हो गए, तब जल मंत्री आतिशी ने अनशन करने का फैसला लिया। वहीं राय ने कहा कि जब से जल मंत्री आतिशी अनशन पर बैठी हैं, तब से दिल्ली के एलजी बेचैन हैं और कह रहे हैं कि कुछ लोग पानी के संकट पर राजनीति कर रहे हैं। लेकिन एलजी यह भूल जाते हैं कि वे हरियाणा के नहीं, दिल्ली के एलजी हैं। यह बड़े शर्म की बात है कि दिल्ली के एलजी को दिल्ली के लोगों की चिंता नहीं है। वह हरियाणा की भाजपा सरकार के प्रवक्ता बनकर दिल्लीवालों को कोस रहे हैं। जब दिल्लीवालों के हक के पानी की लड़ाई छिड़ती है, तो वो हरियाणा की भाजपा सरकार के प्रवक्ता बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सातों सीटें जीतने के बाद भाजपा को अहंकार हो गया है, लेकिन यह सत्याग्रह हम जीतेंगे।

### जल मंत्री आतिशी के ब्लड प्रेशर में आई और गिरावट

**नई दिल्ली**। हरियाणा से पानी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी दिल्ली की जल मंत्री आतिशी तीसरे दिन रविवार को डॉक्टरों की एक टीम द्वारा उनके स्वास्थ्य की जांच की जिसमें डॉक्टरों ने उनके ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल में बड़ी गिरावट दर्ज की है। साथ ही उनके वजन में भी गिरावट हुई है। अनशन के पहले दिन की तुलना में तीसरे दिन जल मंत्री आतिशी के ब्लड शुगर लेवल में 26 यूनिट की गिरावट आई है। साथ ही उनका डायास्टोलिक (निचला) ब्लड प्रेशर भी 56 एमएमएचजी पर पहुंच गया है। जिस तेजी से जल मंत्री आतिशी का ब्लड शुगर लेवल और ब्लड प्रेशर तेज़ी से घटा है, डॉक्टरों ने उसे ख़तरनाक बताया है। साथ ही अब जल मंत्री आतिशी का यूरिन कीटोन स्तर भी पॉजिटिव हो गया है। डॉक्टरों के अनुसार यदि अनशन जारी रहता है तो आने वाले कुछ दिनों में उनके शरीर में कीटोन की मात्रा बढ़ सकती है जो जल मंत्री आतिशी के सेहत के लिए ख़तरनाक होगा। वहीं आतिशी ने रविवार को कहा है कि जब तक हरियाणा सरकार दिल्लीवालों को उनके हक़ का पानी नहीं देगी, जब तक हथिनीकुंड बैराज के गेट नहीं खोलेगी, तब तक उनका अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा।

### डॉक्टरों की सलाह के बाद भी अनशन पर डटी हैं आतिशी : सिंह

आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि डॉक्टरों के मना करने के बाद भी आतिशी अनशन पर बैठी हैं। सिंह ने कहा कि हम किसी की आलोचना करने से रोक नहीं रहे हैं, लेकिन यह भी सच है कि हमने दिल्ली में 12 हजार किलोमीटर नई पाइपलाइन बिछाई, अनधिकृत कॉलोनियों में नई पाइपलाइन डाली गई। पुरानी पाइप बदलकर लीकेज रोकी गईं। नहरों से पानी की लीकेज को रोकने के लिए 500 करोड़ रुपए खर्च किए गए। 10 साल में हमने जितने काम किए, उसकी कोई सराहना नहीं होती, केवल दिन-रात आलोचना की जाती है। जल मंत्री आतिशी तीन दिन से अनशन पर बैठी हैं, तो उनका भी मजाक उड़ाया जा रहा है। लेकिन दिल्ली की जनता सब देख रही है।

### हरियाणा से पानी रुकवाया और प्रदर्शन भी कर रहे हैं भाजपाई: इमरान हुसैन

कैबिनेट मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि हमारी बहन आतिशी तीन दिन से अनशन पर हैं। एलजी साहब को पहले दिन ही यहां आकर जल मंत्री का सहयोग करना चाहिए था, लेकिन वो केवल सियासत कर रहे हैं। अगर उनमें हिम्मत है, तो वो अनशन पर बैठकर दिखाएं। आम आदमी पार्टी लड़ाई-झगड़ा करने वाली पार्टी नहीं है, बल्कि गांधी जी के सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है। एक तरफ भाजपा की हरियाणा सरकार ने दिल्ली का पानी रोक दिया है और दूसरी तरफ यही लोग दिल्ली में पानी के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। अगर इन्हें सच में दिल्ली वालों की चिंता है, तो अपनी हरियाणा सरकार से कहें कि दिल्लीवालों ने हमें सातों सीट जिताई हैं, अब तो इनका पानी दे दो।

### चार-पांच दिन बाद हरियाणा चाहकर भी पानी नहीं रोक पाएगा : भारद्वाज

कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि चार-पांच दिन बाद हरियाणा चाहकर भी दिल्ली का पानी नहीं रोक पाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल और उत्तराखंड में बारिश शुरू हो गई है। आने वाले चार-पांच दिनों के अंदर हरियाणा में हिमाचल और उत्तराखंड से इतना पानी आ जाएगा कि हरियाणा चाहकर भी पानी नहीं रोक पाएगा और उसे पानी छोड़ना ही पड़ेगा। बारिश की वजह से एक सप्ताह में दिल्ली के अंदर पानी तो आ ही जाएगा। इसलिए हमें इस एक सप्ताह के लिए हरियाणा दिल्ली के हिस्से का पानी छोड़े, जिसे हथिनीकुंड बैराज पर रोक दिया गया है। सौरभ ने दिल्ली की जनता से अपील की है कि आतिशी का हौसला बढ़ाने के लिए समय-समय पर आते रहिए और अपना आशीर्वाद व दुआएं दीजिए।

### दिल्ली में लगातार बढ़ रहीं हीटवेव से मौत और केजरीवाल सरकार एयरकंडीशन सत्याग्रह के नाटक में मस्त : सचदेवा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने रविवार को आम आदमी पार्टी द्वारा पानी के लिए किए जा रहे अनशन को एक नाटक बताते हुए कहा कि यह बेहद ही शर्मनाक है कि दिल्ली में हीटवेव से मृत्यु के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और केजरीवाल सरकार उनको रोकने के उपाय करने की जगह एयरकंडीशन सत्याग्रह के नाटक में मस्त है। सचदेवा ने मांग की है कि दिल्ली सरकार तुरंत हीटवेव उपचार केन्द्र स्थापित करे। सचदेवा ने कहा है कि हीटवेव एवं जल संकट से त्रस्त दिल्ली वाले स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज एवं जल मंत्री आतिशी को ओछी राजनीतिक बयानबाज़ी करते देख स्तब्ध हैं। सचदेवा ने कहा है कि यह भारतीय इतिहास का पहला सत्याग्रह आंदोलन होगा जिसमें सत्याग्रही मीडिया के सामने सिर्फ फोटो खींचाने के लिए आता है और फिर गायब हो जाता है। इस बात का खुलासा वहां से मिले कुछ वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि आतिशी की सेवा में बीएसईएस ने दूसरे के घर की दीवार पर विशेष मीटर लगा दिया है और वहाँ चार-चार टॉन के 4 एसी चल रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली की जल मंत्री होने के नाते आतिशी का फर्ज बनता है कि वह इस वक्त दिल्ली में हो रही पानी की किल्लत को दूर करने का प्रयास करती, लीकेज को ठीक कराती, लेकिन उससे भागने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि चाहे वह सौरभ भारद्वाज हो, संजय सिंह या फिर आतिशी, सभी ने हरियाणा सरकार पर पानी ना देने का आरोप लगा रहे हैं जबकि हरियाणा सरकार और उनके अधिकारी कई साक्ष्यों के साथ यह साबित कर चुके हैं वे दिल्ली को पानी तय मंत्री से ज्यादा उपलब्ध करा रहे हैं। हीटवेव ने कहा कि आज दिल्ली में पानी के साथ-साथ अब हीटवेव से जिन लोगों की मृत्यु हो रही है, उसपर भी पर्दा डालने का प्रयास किया जा रहा है।

### जल संकट को लेकर आप प्रतिनिधिमंडल ने की उपराज्यपाल से मुलाकात

नई दिल्ली। दिल्ली में गहराए जल संकट को लेकर रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात की और उनसे दिल्ली के हक का पानी दिलाने के लिए पहल करने की अपील की। राजनिवास पर एलजी से मुलाकात करने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह व एनडी गुप्ता, जनरल सेक्रेटरी पंकज गुप्ता, कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज और विधायक दिलीप पांडे, सोमनाथ भारती, राजेश गुप्ता रितुराज समेत 10 सदस्य शामिल थे। इस दौरान डेलीगेशन और एलजी के बीच बहुत ही सौहार्दपूर्ण माहौल के बीच बातचीत हुई। डेलीगेशन ने एलजी साहब को हरियाणा सरकार से दिल्ली के हक का 113 एमजीडी पानी कम मिलने की जानकारी दी। एलजी ने आप नेताओं को भरोसा दिया कि वो हरियाणा सरकार से बात करेंगे और जल्द से जल्द दिल्ली के हक का पानी दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में शामिल कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि हम लोग एलजी से मिले और अच्छे वातावरण में हमारी बातचीत हुई। हमने एलजी को बताया कि अभी हरियाणा से जो पानी आ रहा है, उसमें करीब 113 एमजीडी पानी की कमी है। इसकी वजह से दिल्ली में लाखों लोगों को परेशानी हो रही है। चूंकि एलजी केंद्र सरकार के प्रतिनिधि हैं। इसलिए हमने एलजी से अनुरोध किया है कि आप हरियाणा सरकार से बात करके दिल्ली को उसके हक का पूरा पानी दिलाएं। इस पर एलजी वीके सक्सेना ने भरोसा दिया है कि वो हरियाणा सरकार से बात कर दिल्ली को उसके हिस्से का पूरा पानी दिलाने का प्रयास करेंगे।सौरभ भारद्वाज ने बताया कि हमने एलजी साहब से यह भी कहा कि अब तो एक सप्ताह में बारिश आने वाली है। शिमला और हिमाचल में बारिश शुरू हो गई।



### सीएम जेल में, जल मंत्री अनशन पर, गर्मी से मरे 238 लेकिन राजनीति में आगे केजरीवाल सरकार : यादव

नई दिल्ली। दिल्ली में चल रहे जल संकट पर कांग्रेस पार्टी ने आप पार्टी व केजरीवाल सरकार पर जमकर हमला बोला है। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने घेरते हुए कहा कि दिल्ली का मुख्यमंत्री जेल में, जल मंत्री खुद अनशन सत्याग्रह पर बैठी है, भीषण गर्मी से अब तक दिल्ली में 238 मौतें हो चुकी है, स्वास्थ्य मंत्री असहाय और केजरीवाल सरकार पूरी तरह पंगु हो चुकी है। देवेन्द्र ने कहा कि इससे ज्यादा कमाल और क्या हो सकता है कि जो जल संकट के लिए खुद जिम्मेदार है, जल आपूर्ति जिनकी जिम्मेदारी है वो जल मंत्री आतिशी खुद अनशन पर बैठी है। यादव ने कहा कि आतिशी का जल सत्यग्राह केवल ओर कोरी राजनीति है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज राजधानी में गर्मी से मरने वालों के बढ़ते आंकड़ों पर नियंत्रण करने की बजाए पानी पर बयानबाजी में लगे है। जबकि दिल्ली में गर्मी से अभी तक 238 लोग मर चुके है, जो चिंताजनक है। इनके बारे में मंत्री भारद्वाज के पास लोगों को मरने से बचाने के लिए न कोई साधन है न कोई व्यवस्था है। लेकिन राजनीति करने के लिए इनके पास जल संकट का बहाना जरूर है। देवेन्द्र ने कहा कि दिल्ली की 2 करोड़ जनता जल संकट झेल रही है और जल मंत्री यह आंकड़ा सिर्फ 28 लाख बता रही है।

## आप नेता अव्वल दर्जे के हैं पाखंडी : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने रविवार को कहा है कि आज यह साबित हो गया है कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अव्वल दर्जे के पाखंडी हैं। अभी 4 दिन पहले ही पूरी आप अरविंद केजरीवाल को परेशान करने के लिए ईडी और केंद्र सरकार की निंदा कर रही थी, क्योंकि ईडी ने केजरीवाल को जमानत देने के राउज एवेन्यू न्यायालय के आदेश के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख किया था। उन्होंने ईडी के उच्च न्यायालय जाने को तानाशाहीपूर्ण कदम और न्यायिक प्रक्रिया का उल्लंघन बताया था। दिल्ली भाजपा ने कहा है कि यह देखकर हैरानी होती है कि पाखंड की पराकाष्ठा दिखाते हुए आप नेता जो केजरीवाल को जमानत के खिलाफ उच्च न्यायालय जाने के लिए ईडी की निंदा कर रहे थे, उन्होंने आज उच्च न्यायालय की सुनवाई पूरी होने का इंतजार किए बिना ही सर्वोच्च न्यायालय का रुख कर लिया है।



## ग्रीन लाइन विस्तार से नई दिल्ली स्टेशन पर एक साथ मिलेगी तीन लाइनों के इंटरचेंज की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली वालों की सुविधा में विस्तार करने में लगी डीएमआरसी बहुत जल्द एक ही स्टेशन से तीन विभिन्न लाइनों के लिए इंटरचेंज जैसी सुविधा देने जा रही है। यह सुविधा ग्रीन लाइन इंद्रप्रस्थ- ब्रिगेडियर होशियार सिंह मेट्रो लाइन विस्तार से मिलेगी। जिसके बाद यह कश्मीरी गेट स्टेशन के बाद यह दूसरा ऐसा इंटरचेंज होगा जहां तीन लाइनों के लिए मेट्रो बदली जा सकती है। डीएमआरसी के अनुसार ग्रीन लाइन के विस्तार के पूरा होते ही इंद्रलोक से इंद्रप्रस्थ तक विस्तार होगा जिसमें नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन पर तीन लाइनों के लिए इंटरचेंज सुविधा मिल जाएगी। इनमें नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन पर येलो, ऑरेंज और अब ग्रीन लाइन एक दूसरे से जुड़ जाएगी। यानी नई दिल्ली स्टेशन से यात्री उक्त तीनों लाइनों पर आवाजाही के लिए ट्रेन बदल सकते है। नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन दिल्ली के प्रमुख स्टेशनों में शामिल है। ऐसे में तीन लाइनों के इंटरचेंज से दिल्ली व हरियाणा के लाखों यात्रियों का आवागमन सुगम हो जाएगा। सबसे ज्यादा फायदा बहादुरगढ़ और पश्चिमी दिल्ली के कुछ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मिलेगा। यह विस्तार रेलवे स्टेशन तक सड़क परिवहन से होने वाली भीड़ भाड़ को कम करेगा। क्योंकि लोग सीधे मेट्रो से रेलवे स्टेशन पहुंच सकते है जिसमें समय और पैसे दोनों का फायदा होगा। ग्रीन लाइन का नया विस्तार भी नई दिल्ली मेट्रो स्टेशन की तरह ही भूमिगत होगा। वर्तमान में मेट्रो नेटवर्क में केवल कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन ही एकमात्र ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन के रूप में प्रचलन में है। इस लाइन पर येलो, रेड और वॉयलेट तीन लाइनें मिलती हैं। जानकारी के अनुसार आने वाले समय में फेज 4 में ऐसे तीन इंटरचेंज स्टेशन और जुड़ जाएगें। इनमें लाजपत नगर, आजादपुर और नई दिल्ली तीन स्टेशनों के लिए इंटरचेंज सुविधाओं की सेवा देंगे। दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के विस्तार के तहत वर्तमान में लगभग 86 किलोमीटर लंबी नई लाइन तैयार की जा रही हैं।



### 'छात्रों के भविष्य से खिलवाड़, किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं'

# नीट-यूजी की परीक्षा में अनियमितता की सीबीआई जांच कराने के निर्णय का अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा नीट-यूजी की परीक्षा में अनियमितता की जांच सीबीआई से कराने के लिए गए फैसले का स्वागत किया है। अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि नीट-यूजी की परीक्षा में अनियमितता के चलते विद्यार्थी परिषद ने एनटीए के विरुद्ध आंदोलन करते हुए पूरे देश में मोर्चा खोल दिया था और मामले में किसी के लिए भी कोई भी रियायत न बरतने की मांग के साथ ही इस विषय में सीबीआई जांच की प्रमुखता से मांग रखी थी। इस संबंध में रविवार को शिक्षा मंत्रालय द्वारा सीबीआई जांच करने का निर्णय आया है जिसका अभाविप स्वागत करती है। अभाविप का मत है कि परीक्षाओं के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की अनियमितता छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, जिसे अभाविप कदापि स्वीकार्य नहीं करेगी, इस प्रकरण में जिम्मेदार व्यक्तियों या संस्थाओं के विरुद्ध निष्पक्ष रूप से सख्ती से कदम उठाया जाना चाहिए। शुक्ल ने कहा कि पिछले कुछ समय से केंद्र एवं राज्य परीक्षाओं में पेपर लीक एवं अनियमितताएं चिंताजनक हैं। इससे मेधावी एवं छात्रों का भविष्य संकट में आ रहा है। जिसको लेकर लंबे समय से अभाविप एनटीए की कार्य प्रणाली का विरोध करते हुए सुधार की मांग करती रही है। शिक्षा संबंधी अनियमितता, छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और यह अस्वीकार्य है। केंद्र सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि केंद्र एवं राज्य स्तर पर आयोजित किसी भी परीक्षाओं में किसी भी स्तर पर अनुचित प्रयोग एवं अनियमितता न होने पाए और इसके लिए कड़े कदम उठाने चाहिए।

### आईपी यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स कोटा के लिए अब एक जुलाई तक आवेदन का अवसर

नई दिल्ली। आईपी यूनिवर्सिटी के सत्र 2024-25 से सभी यूनिवर्सिटी स्कूल और सेंटर में चलने वाले यूजी और पीजी प्रोग्राम में 2 प्रतिशत के अतिरिक्त स्पोर्ट्स कोटा का फायदा लेने के लिए अब एक जुलाई तक निर्धारित प्रपत्र में यूनिवर्सिटी के कुलसचिव के नाम से निर्गत 2,500 के बैंक ड्राफ्ट के साथ सभी संबद्ध कागजातों के साथ आवेदन विश्वविद्यालय सुविधा केंद्र में जमा कराया जा सकता है। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. कमल पाठक ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स कल्चर को प्रमोट करने के लिए यह प्रावधान किया गया है ताकि स्पोर्ट्स के प्रतिभावान छात्र अपनी पसंद की डिग्री लेने से महरूम ना रह जाएं। आवेदकों की मांग पर आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि विभिन्न प्रोग्राम के लिए निर्धारित यह 2 प्रतिशत सीटें एडमिशन ब्रोशर में अधिसूचित सीटों के अलावा हैं। बिना ट्रायल के स्पोर्ट्स कोटा में आवेदन के लिए आवेदक को किसी स्पोर्ट्स में देश का प्रतिनिधित्व किया होना चाहिए।

अधीनस्थ अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को दे दी थी जमानत

# अंतरिम जमानत पर हाईकोर्ट के स्थगन के खिलाफ सीएम केजरीवाल सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में उन्हें जमानत देने के निचली अदालत के आदेश पर दिल्ली हाईकोर्ट की अंतरिम रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अधीनस्थ अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन हाईकोर्ट ने शुक्रवार को इस पर अंतरिम रोक लगा दी थी। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। हाईकोर्ट ने शुक्रवार को संघीय धनशोधन निरोधक एजेंसी को अंतरिम राहत नहीं दी होती तो वह (मुख्यमंत्री) शुक्रवार को तिहाड़ जेल से बाहर आ सकते थे। हाईकोर्ट की एक अवकाशकालीन पीठ ने कहा था कि इस आदेश तक, आक्षेपित आदेश का क्रियान्वयन स्थगित रहेगा। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों को 24 जून तक लिखित प्रतिवेदन दाखिल करने को कहा था। हाईकोर्ट ने कहा था कि वह दो-तीन दिन के लिए आदेश सुरक्षित रख रहा है, क्योंकि वह पूरे मामले के रिकार्ड का अवलोकन करना चाहता है। अदालत ने केजरीवाल को नोटिस जारी कर ईडी की उस याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें अधीनस्थ अदालत के 20 जून के आदेश को चुनौती दी गई है, जिसके तहत उन्हें जमानत दी गई थी। अदालत ने याचिका पर सुनवाई के लिए 10 जुलाई की तारीख तय की है।

## आबकारी घोटाला: हाईकोर्ट का कारोबारी को अंतरिम जमानत देने से इनकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में न्यायिक हिरासत में बंद हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्रन पिल्लई को अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि पिल्लई को जेल में पर्याप्त उपचार मिल रहा है, इसलिए उसे चिकित्सा आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती। पिल्लई ने अदालत से स्वास्थ्य आधार पर जमानत देने की मांग करते हुए कहा कि उसके परिवार ने आयुर्वेदिक चिकित्सकों से सलाह ली है, जिन्होंने कहा है कि उन्हें 21 दिनों के पंचकर्म उपचार के लिए आयुर्वेदिक केंद्र में भर्ती होने की आवश्यकता है तथा इसके बाद 21 दिनों के आराम की भी जरूरत है। दिल्ली हाईकोर्ट ने पिल्लई को अंतरिम जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि कमर दर्द के संबंध में पंचकर्म उपचार की प्रभावकारिता पर टिप्पणी किए बिना, यह कहना उपयुक्त होगा कि याचिकाकर्ता को जेल के चिकित्सक की सलाह का पालन करने की आवश्यकता है। इसके बाद भी यदि उसे राहत नहीं मिलती है और यदि उसे सलाह दी जाती है, तो वह आयुर्वेद/पंचकर्म उपचार आदि के वैकल्पिक उपायों का पता लगाने के लिए अर्जी दायर करने के लिए स्वतंत्र होगा। न्यायमूर्ति रवीन्द्र डुडेजा की अवकाशकालीन पीठ ने कहा कि किसी भी मेडिकल रिपोर्ट में इस बात का दूर-दूर तक कोई उल्लेख नहीं है कि पिल्लई किसी जानलेवा बीमारी से पीड़ित है या रेफरल अस्पतालों में ऐसी बीमारी का उपचार उपलब्ध नहीं है। न्यायमूर्ति डुडेजा ने कहा कि फिलहाल, मुझे याचिकाकर्ता (पिल्लई) को अंतरिम जमानत देने का कोई औचित्य नहीं नजर आता। तदनुसार, अर्जी खारिज की जाती है। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि जेल अधिकारी चिकित्सक की सलाह के अनुसार आरोपी को अपेक्षित चिकित्सा सुविधा प्रदान करना जारी रखेंगे। पिल्लई को पिछले वर्ष मार्च में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था और उसने कमर दर्द सहित अन्य चिकित्सा कारणों से आठ सप्ताह की अंतरिम जमानत मांगी थी। पिल्लई के वकील ने कहा कि वह वैकल्पिक उपचार पर विचार करना चाहते हैं, क्योंकि वर्तमान उपचार से उसकी हालत में सुधार नहीं हो रहा है।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को किया याद



**हरिभूमि. नई दिल्ली।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिर्फ हमारे पार्टी के संस्थापक ही नहीं बल्कि देश के पहले राजनीतिक बलिदानी थे। यह बात रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कही। त्रिवेदी ने देश की अखंडता और एकता के लिए बलिदान देने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मृत्यु के पहलुओं को समझाते हुए उन्होंने कहा कि उनकी मृत्यु एक साजिश थी जो उस वक्त के तत्कालीन जवाहर लाल नेहरू सरकार की लापरवाही का परिणाम है क्योंकि घरवालों ने जब इस पूरे विषय पर जांच की मांग की तो सरकार ने जांच करवाने से भी मना कर दिया था। डॉ त्रिवेदी ने कहा कि जनसंघ के समय से अब तक यानि 73 वर्षों में भारतीय जनता पार्टी का कश्मीर को लेकर जो स्टैंड पहले था, आज भी हम उसी पर आगे बढ़ रहे हैं। इस मौके पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक ऐसे विचारवादी व्यक्ति थे जिन्होंने मात्र 52 वर्ष की अल्प आयु में देश की एकता और अखंडता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया।




## शास्त्री पार्क: हत्या मामले में तीन लोग गिरफ्तार

### दो पिस्तौल और आठ कारतूस बरामद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के शास्त्री पार्क में झगड़े के बाद एक व्यक्ति की हत्या करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान आकाश उर्फ मूसी (24), योगेश उर्फ बंटी (33) और रोहित (24) के रूप में हुई है और ये सभी उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के निवासी हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना 30 मई को हुई थी और पुलिस को इसकी सूचना तब मिली जब पीड़ित के शरीर पर गंभीर घाव होने के चलते उसे गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान जौहर अब्बास (28) के रूप में हुई है। वह दिल्ली के शास्त्री पार्क का निवासी था और वाहन चालक के तौर पर काम करता था। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) संजय कुमार सैनी ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में 11 जून को तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से दो पिस्तौल और आठ कारतूस भी बरामद किए गए हैं। डीसीपी ने बताया कि पूछताछ करने पर आकाश ने बताया कि उसकी पत्नी गाजियाबाद में एक 'कॉल सेंटर' में काम करती है।

### फोन की किस्त चुकाना कर दिया था बंद

डीसीपी ने बताया कि 'कॉल सेंटर' के प्रबंधक वकार ने आकाश की पत्नी के दस्तावेजों का इस्तेमाल करके ईएमआई पर एक मोबाइल खरीद था और इसकी किस्त चुकाने का भी वादा किया था। उन्होंने बताया कि जब उसने नौकरी छोड़ दी तो वकार ने फोन की किस्त चुकाना बंद कर दिया। डीसीपी ने कहा कि आकाश ने बार-बार उससे इस मामले को सुलझाने का अनुरोध किया, लेकिन वकार ने पैसे देने से इनकार कर दिया और उसे धमकी भी दी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि आकाश, उसके दोस्त योगेश और बंटी ने वकार को शास्त्री पार्क में मिलने के लिए बुलाया। जब वे वकार से किस्त चुकाने के बारे में दबाव बना रहे थे तो वह वहां से भाग गया। उन्होंने बताया कि आकाश और उसके दोस्त चाकू और धारदार हथियार लेकर इलाके में उसकी तलाश करने के लिए निकल गए। इसी दौरान उन्हें हथियार लेकर जाते देख तीन अज्ञात राहगीरों ने उनसे बहस की और यह जल्द ही हिंसा में तब्दील हो गई। पुलिस ने बताया कि इस दौरान आकाश ने अब्बास पर चाकू से हमला कर दिया और फिर मौके से भाग गया। इसके बाद अब्बास को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 34 (साझा इरादे) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा कि इस मामले में आगे की जांच जारी है।

### विमान में बम की अफवाह


## नाबालिग ने 'महज मजाक में' भेज दिया था ईमेल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हवाई अड्डे को ईमेल भेजकर, दुबई जाने वाले विमान में बम रखे होने की झूठी सूचना देने के आरोप में 13 वर्षीय एक लड़के को पकड़ा गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई हवाई अड्डा) ऊषा रंगनानी ने बताया कि लड़के ने कुछ दिन पहले बम की झूठी सूचना देते हुए फोन करने वाले एक अन्य किशोर से जुड़ी खबरों से प्रभावित होकर 'महज मजाक में' ईमेल भेजा था। रंगनानी ने बताया कि यह घटना सोमवार को हुई थी, जब 18 जून को दुबई जाने वाले विमान में बम रखे होने की धमकी के संबंध में एक शिकायत दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच शुरू की गई। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी दिशा निर्देश, प्रोटोकॉल और मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन किया गया। उन्होंने कहा कि हवाई अड्डे को हाई अलर्ट पर रखा गया और आपात स्थिति की घोषणा की गई। रंगनानी ने बताया कि हालांकि, जांच के दौरान सूचना झूठी साबित हुई। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यह पता चला कि ईमेल भेजने के तुरंत बाद ईमेल आईडी हटा दी गई। यह पता चला कि ईमेल उत्तरांचल के पिथौरागढ़ से भेजा गया। डीसीपी रंगनानी ने बताया कि एक दल भेजा गया और लड़के को फर्जी ईमेल भेजने के आरोप में पकड़ लिया गया। उन्होंने कहा कि लड़के ने पुलिस दल का बताया कि उसके माता-पिता ने पढ़ाई के उद्देश्य से उसे एक मोबाइल फोन दिया था जिससे उसने ईमेल भेजा और बाद में अपनी आईडी हटा दी। उसने अपने माता-पिता को इसकी जानकारी नहीं दी क्योंकि वह डर गया था। उसे पकड़ लिया गया और बाद में उसके माता-पिता को सौंप दिया गया।

### स्टॉप लाइन उल्लंघन के मामलों में 32 फीसदी की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में यातायात सिग्नल पर 'स्टॉप लाइन' (रेड लाइट होने पर वाहनों को थोड़ा पहले रोकने के लिए बनी रेखा) के उल्लंघन के मामलों में इस साल 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। दिल्ली यातायात पुलिस ने 2024 में स्टॉप लाइन उल्लंघन के 2.37 लाख मामले दर्ज किए हैं, जबकि पिछले साल यह संख्या 1.8 लाख थी। दिल्ली यातायात पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि दिल्ली यातायात पुलिस ने इस वर्ष स्टॉप लाइन उल्लंघन के लिए मुकदमों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि देखी है। अधिकारी ने कहा कि यह पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में स्टॉप लाइन उल्लंघन के लिए मुकदमों की संख्या में लगभग 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। पुलिस ने कहा कि इन उल्लंघनों से पैदल यात्रियों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा पैदा होता है और यातायात के सुचारू संचालन में बाधा उत्पन्न होती है।



## खबर संक्षेप

### गैस सिलेंडर फटने से माँ व दो बेटियों की मौत



**गाजियाबाद।** टीलामोड़ थाना क्षेत्र के न्यू डिफेंस कॉलोनी में एक घर में सिलिंडर से भीषण आग लग गई। जिससे पूरे इलाके में अफरा तफरी मच गई। इस भीषण अग्निकांड में एक मां व उसकी दो बेटियों की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर रूप से झुलस गए। उन्हें इलाज के भर्ती कराया गया है। इस मामले में यूपी के सीएम योगी अदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है और अधिकारियों को बचाव कार्य के साथ पीड़ितों के इलाज में हर संभव सहायता करने के आदेश दिए हैं। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि खाना बनाते समय अचानक आग लग गई।

### 220 ग्राम गांजा सहित महिला गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा 56 की टीम ने नशे की तस्करी करने वाली महिला आरोपी को काबू



किया है।पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि महिला का नाम मीनू पत्नी सुनील है जो फरीदाबाद के जीवन नगर पार्ट 2 की रहने वाली है। आरोपी महिला को अपराध शाखा टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना मुजेसर एरिया से अवैध गांजे सहित काबू किया है। आरोपी महिला से 220 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। आरोपी महिला के खिलाफ थाना में नशा तस्करी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

### चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार


**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच 85 की टीम ने चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया



है।आरोपी का नाम विश्वजीत उर्फ कालू है। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल सहित सेक्टर-17 पुल के पास से गिरफ्तार किया था। आरोपी से जब मोटरसाइकिल के कागजात मांगे गए तो वह प्रस्तुत नहीं कर सका। मामले में गहनता से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि यह मोटरसाइकिल उसने एनआईटी एरिया से करीब दो सप्ताह पहले चोरी की थी।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर एरिया में तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत हो गई।



पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। राजकिशोर ने कहा कि उसके मामा गुरुग्राम की एक कंपनी में काम करता था। वह अपने मामा के रूम पर गया था। दोनों ही अपनी-अपनी साइकिल से गांव मुशैदपुर में सब्जी लेने चले गए। खेड़ा खुर्रमपुर की ओर से एक तेज रफ्तार बाइक आई और साइकिल में टक्कर मार दी।

### बीएमडब्ल्यू की टक्कर से ऑटो सवार की मौत

**गुरुग्राम।** सेक्टर-17/18 एरिया में तेज रफ्तार बीएमडब्ल्यू की टक्कर से ऑटो में सवार कंपनी कर्मी की मौत हो गई। जबकि कंपनी कर्मी के साथ ऑटो में बैठी महिला सहकर्मी



व ऑटो चालक घायल हो गया। जिनको उपचार के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। सुखदेव सिंह बाजवा ने कहा कि उसका छोटा भाई गुरुसेवक कंपनी की सहकर्मी के साथ वापस आ रहे थे।

---

### एस्ट्रोनॉमी फेयर में 30 हजार से ज्यादा छात्र हुए शामिल

# छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति रूचि बढ़ाना फेयर का उद्देश्य

> डॉ. अजीत सिंह, वीपी एकेडेमिक्स-एस्ट्रोनॉमी ऑर्किड्स स्कूल ने कहा कि स्पेस को एक्स्प्लोर करना रोमांच और खोज के प्रति हमारी स्वाभाविक इच्छा का प्रतीक है। अगले दशक में भारतीय अंतरिक्ष उद्योग 33 बिलियन अमेरिकी डॉलर्स तक पहुँचने का अनुमान है और इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम हमारे पाठ्यक्रम में अंतरिक्ष संबंधी शिक्षा को शामिल करें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-113 स्थित ऑर्किड्स स्कूल में आयोजित एस्ट्रोनॉमी फेयर में देश भर से करीब 30 हजार से ज्यादा छात्र शामिल हुए। बेंगलुरू, पुणे, हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई में मिली सफलता के बाद तीन दिवसीय एस्ट्रोनॉमी फेयर गो कॉस्मो- योर टिकट टू स्पेस अब दिल्ली-एनसीआर में आया है। डॉ. अजीत सिंह, वीपी एकेडेमिक्स-एस्ट्रोनॉमी ऑर्किड्स स्कूल ने कहा कि स्पेस को एक्स्प्लोर करना रोमांच और खोज के प्रति हमारी स्वाभाविक इच्छा का प्रतीक है। अगले दशक में भारतीय अंतरिक्ष उद्योग 33 बिलियन अमेरिकी डॉलर्स तक पहुँचने का अनुमान है और इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि हम हमारे पाठ्यक्रम में अंतरिक्ष संबंधी शिक्षा को शामिल करें। यह न



सिर्फ छात्रों में उत्सुकता जगाती है बल्कि उन्हें ऐसे आवश्यक कौशल प्रदान करती है जो इस क्षेत्र में आगे बढने के लिए ज़रूरी हैं। बेंगलुरू, मुंबई, पुणे, हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई में बच्चों ने जिस तरह पूरे उत्साह के साथ गो कॉस्मो फेयर में हिस्सा लिया। वह देखकर बहुत गर्व महसूस होता है। यह कार्यक्रम उन सपनों और इनोवेशन के लिए एक लॉन्चिंग पैड की तरह है जो भविष्य को आकार देंगे और जो युवा प्रतिभाओं को भारत के बढ़ते हुए अंतरिक्ष क्षेत्र में महत्वपूर्ण रूप से योगदान देने के लिए तैयार करेंगे।

सुमित्रा गोस्वामी, सीनियर वीपी, एकेडेमिक्स, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, ने कहा कि गो कॉस्मो सभी उम्र के छात्रों में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के लिए रूचि जगाने में मदद करने के लिए हमारे समर्पण का एक सबूत है। इंटरैक्टिव गतिविधियों और प्रायोगिक अनुभवों के माध्यम से भौतिक शास्त्र, खगोल शास्त्र और ब्रम्हांड विज्ञान में सहभागियों की रूचि पैदा करना हमारा लक्ष्य है। हम गो कॉस्मो के ढांचे में स्टूडेंट में उद्यमिता को बढ़ावा देंगे।

#### छोटी उम्र से ही अंतरिक्ष विज्ञान के लिए बच्चों में पैदा करें जुनून

दिव्या धीरेंद्र, प्रिंसिपल, सेक्टर 113 कैम्पस ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, ने कहा कि हम बच्चों में शुरुआती उम्र से ही अंतरिक्ष विज्ञान के लिए जुनून पैदा करना चाहते हैं और इसलिए हम अपने नन्हे विद्यार्थियों के लिए खगोलशास्त्र के दिलचस्प सत्र पेश कर रहे हैं। वहीं हर्ष गुप्ता, वीपी, एकेडेमिक्स-स्टूडेंट वेलफेयर, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल, ने कहा कि गो कॉस्मो पारंपरिक शिक्षा की सीमाओं को तोडकर ऐसे प्रायोगिक अनुभव पेश करता है जो अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जिज्ञासा एवं जुनून पैदा करते हैं। हम छात्रों को आनंददायक और शैक्षणिक गतिविधियों से जोडकर वैज्ञानिक खोजकर्ताओं और इनोवेटर्स की अगली पीढ़ी को प्रेरित करना चाहते हैं। विज्ञान के लिए यह उत्साह निश्चित रूप से वैश्विक अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत को एक लीडर के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा।

---

### चुनाव उपरांत आवेदन करने पर जांच करवाना एक सामान्य प्रक्रिया

# चुनाव आयोग के 1 जून के निर्देश के अनुसार करवाई जाएगी ईवीएम की जांच

> उपायुक्त विक्रम सिंह ने स्पष्ट किया कि किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी की बात नहीं है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है जिसे अपनाया जा रहा है। गड़बड़ी वाली खबरों व अफवाहों पर ध्यान देने की कोई आवश्यकता नहीं है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

चुनाव आयोग के ईवीएम की जांच के निर्देश को लेकर प्रचारित भ्रामक खबरों पर पूर्ण रूप से विराम लगाते हुए उपायुक्त विक्रम सिंह ने स्पष्ट किया कि किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी की बात नहीं है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है जिसे अपनाया जा रहा है। गड़बड़ी वाली खबरों व अफवाहों पर ध्यान देने की कोई आवश्यकता नहीं है।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार चुनाव आयोग ने 1 जून को निर्देश जारी किए, जिसके अंतर्गत चुनाव उपरांत आवेदन किए जाने पर ईवीएम की पुर्नजांच की व्यवस्था दी है। चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल से संबंध रखने वाला दूसरे व तीसरे स्थान पर




आने वाला प्रत्याशी ईवीएम की दोबारा जांच के लिए आवेदन कर सकता है। फरीदाबाद के भी एक लोकसभा प्रत्याशी ने ईवीएम की पुर्नजांच के लिए आवेदन किया है, जिसके अंतर्गत ईवीएम की पुर्नजांच की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। इसके लिए भेल के इंजीनियर आयेंगे और ईवीएम की जांच करवायेंगे।

#### सामान्य प्रक्रिया

उपायुक्त ने कहा कि यह प्रक्रिया पूर्ण रूप से सामान्य है। इसका किसी भी प्रकार की गड़बड़ी से कोई संबंध नहीं है। इसलिए ईवीएम में गड़बड़ी रूपी भ्रामक खबरों से दूर रहना चाहिए। साथ ही इस प्रकार की भ्रामक खबरों का प्रचार-प्रसार भी नहीं करना चाहिए। उन्होंने ईवीएम में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी होने की खबरों का पूर्णतया खंडन करते हुए कहा कि यह रूटीन प्रक्रिया सर्वोच्च न्यायालय की हिदायतों के अनुसार ही पूरी की जाएगी।

---

### अपना घर या व्यापारिक संस्थान

## जीडीए नीलामी से बेचेगा आवासीय व व्यवसायिक संपत्तियां,जुलाई से प्रक्रिया शुरू

**गाजियाबाद।** दिल्ली एनसीआर में अपना घर या व्यापारिक संस्थान बनाने का सपना देखने वालों के लिए अच्छी खबर है। जीडीए (गाजियाबाद विकास प्राधिकरण) आगामी जुलाई माह में अपनी विभिन्न आवासीय व व्यवसायिक योजनाओं में खाली संपत्तियों को नीलामी के जरिये बेचने की योजना बना रहा है। इसके लिए तैयारी पूरी हो चूकी है। जीडीए अधिकारियों का कहना है कि जुलाई माह के दूसरे सप्ताह में नालामी शुरू हो जाएगी। नीलामी लोहिया नगर स्थित हिंदी भवन में आयोजित की जाएगी। इस नीलामी से गाजियाबाद में जहां लोगों का अपना घर बनाने का सपना पूरा हो सकेगा। वहीं रियल एस्टेट सेक्टर को नए पंख लगने की उम्मीद है। यह समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह का कहना है कि नीलामी में डेढ़ सौ से अधिक आवासीय भवन या भूखण्ड, सौ ज्यादा व्यावसायिक और कई औद्योगिक भूखंड सम्मिलित किए गए हैं। इसके अलावा 12 ग्रुप हाउसिंग प्लॉट, कन्वीनिएंट शॉपिंग भूखंड, सामुदायिक केंद्र, अस्पताल व दुकानें को भी नीलामी के जरिए बेचा जाएगा। इसमें खास बात यह भी है कि इनमें 2 हजार वर्ग मीटर से बड़े प्लॉट भी सम्मिलित किये गए हैं जो बड़े निवेशकों व उद्योगपतियों के लिए आकर्षक हो सकते हैं। जीडीए का उद्देश्य गाजियाबाद में व्यावसायिक और औद्योगिक विकास को भी बढ़ावा देना है।

---

### बड़खल में नहीं रहने दूंगी विकास की कमी

## शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने दी बड़खल विधानसभा क्षेत्र में डेढ करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

लोगों के हाथों से नारियल तुड़वाकर आरएमसी रोड के कार्य का करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा की शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने कहा कि बड़खल विधान सभा क्षेत्र में विकास कार्यों की कमी नहीं रहने दूंगी। शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा ने बड़खल विधानसभा क्षेत्र में लगभग डेढ करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात देते हुए यह बात कही। उन्होंने स्थानीय लोगों के हाथों से नारियल तुड़वाकर कर आरएमसी रोड़ के कार्य का शुभारंभ करवाया।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि बड़खल झील के नवीनीकरण के विकास कार्यों को तेज गति करवाया जा रहा है। वहीं बड़खल विधानसभा क्षेत्र में लोगों को बिजली, पेयजल सप्लाई से जुड़ी लाइनों और सिवरेज व्यवस्था तथा पार्कों के सौन्दर्यकरण सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है।



शिक्षा मंत्री ने कहा कि आरएमसी सड़क के निर्माण कार्य लगभग 2 महीनो में पूरा होगा। जिसमे इस सड़क से आवागमन करने वाले स्थानीय निवासियों को बहुत राहत मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में बड़खल विधानसभा में विकास कार्य तीव्र गति से चल रहे हैं।

#### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्य रूप से पं. सुरेन्द्र शर्मा, प्रवीण खत्री, अनिल कपूर, सुनील भाटिया, बिशम्बर भाटिया, संजय महेन्द्र, प्रवीण खत्री, संजय महेंद्रू, विजय कंठा, खुशबू सिंह, राजकुमार वर्मा, सरिता हसीजा, पूजा विरमानी, आरके अरोड़ा, प्रेम आहूजा, गौरव, सत्संग मण्डल रोज गार्डन से डीसी लाल, जीपी गांधी, गोपी चन्द रतड़ा, भवानी दास मलिक, सुभाष अरोड़ा, हरबन्स लाल बांगाए राजकुमार शर्मा कमलेश भाटिया, रविन्द्र भाटिया आदि उपस्थित रहे।

---

## पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने किया कैरम प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा कैरम संघ द्वारा 3 दिवसीय कैरम प्रतियोगिता ऐश्लान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कॉलेज में आयोजित की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ फरीदाबाद के पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य द्वारा किया गया एवं अध्यक्षता हरियाणा कैरम संघ के अध्यक्ष आईएएस पंकज यादव ने की तथा अर्जुन अवार्ड से सम्मानित खिलाड़ी पूनम चोपड़ा ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

राज्य कैरम संघ के महासचिव एसके शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में हरियाणा राज्य के 14 जिलों से आए 200 से अधिक खिलाड़ियों ने 10 विभिन्न श्रेणियों में भाग ले रहे हैं। पुरुष केटेगरी में फरीदाबाद की टीम ने अम्बाला की



टीम को 3.0 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं जिला झज्जर की टीम ने कैथल की टीम को 2.1 से हराकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

महिला वर्ग की प्रतियोगिता में भी फरीदाबाद की टीम ने अम्बाला को 3.0 से हराकर चैम्पियन का खिताब हासिल किया। तीसरे स्थान के लिए सिरसा ने हिसार को 2.1 से हराया। कैडेट बॉयज वर्ग में सिरसा के जतिन ठाकुर, ध्रुव सिसोदिया, गुरुग्राम के असद नूर व फरीदाबाद के अनिरुद्ध ने सेमिफाइनल में जगह बनाई।

---

## मां ने बेटी के शव को दफनाया पिता के ईमेल से हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद।

मां ने अपने भाई और भाभी के साथ मिलकर बेटी का शव घर में गड्ढा खोदकर दफना दिया। इसका खुलासा तब हुआ, जब सऊदी अरब में रह रहे मृतका के पिता ने पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य को ईमेल भेजकर बेटी की हत्या किए जाने की आशंका जाहिर की। पुलिस ने ईमेल मिलने के बाद धौज गांव के कल्लर मोहल्ला में रह रही ताहिर की पत्नी और भाई-भाभी को पूछताछ के लिए बुलाया तो खुलासा हुआ। महिला ने कहा कि बेटी ने आत्महत्या की थी। समाज में उनकी बेइज्जती न हो, इसलिए उसका शव दफना दिया।

> ▶ मां बोली बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, बेइज्जती न हो इसलिए किया दफन

थाना धौज के प्रभारी शमशेर सिंह का कहना है कि युवती का शव कंकाल में बदल चुका था। उसे बाहर निकलवाकर बादशाह खान सिविल अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस कमिश्नर को भेजे ईमेल में ताहिर ने बताया कि वह पिछले लगभग 13 साल से सऊदी अरब में ट्रक ड्राइवर का काम कर रहा है। पत्नी को कॉल पर जब भी वह 17 साल की बेटी से बात कराने की बात कहता था तो वह बात नहीं कराती थी। हर बार वह कोई न कोई बहाना लगा देती थी। इस पर उसे शक हो गया।

---

### फरीदाबाद पुलिस की शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## अवैध शराब से भरा ट्रक पकड़ा, 346 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

अपराध शाखा 85 की टीम ने शराब तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब से भरा ट्रक पकड़ा है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम रहीश खान है जो मथुरा का रहने वाला है और फिलहाल फरीदाबाद के कुरेशीपुर गांव में रह रहा था। क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक में शराब भरकर ले जाई जा रही है। सूत्रों की सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने जाकर चेक किया तो सेक्टर-6 एरिया में यूपी नंबर का एक ट्रक



दिखाई दिया जिसको चेक करने पर उसके अंदर काले रंग की तिरपाल से ढके हुए दो कार्टून में शराब भरी हुई थी। ट्रक से अंग्रेजी शराब की 346 पेटी बरामद की गई। आरोपी ट्रक चालक को मौके से काबू करके पूछताछ की गई और उससे शराब का लाइसेंस व परमिट मांगा गया तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके पश्चात आरोपी चालक को अवैध शराब सहित काबू करके आरोपी के खिलाफ सेक्टर 8 थाने में एक्साइज एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि यह शराब और ट्रक दोनों जितेंद्र नागर के हैं जो तिगांव का रहने वाला है। आरोपी ड्राइवर ने बताया कि जितेंद्र उसे एक चक्कर के 20 हजार रुपए देता था और फोन करके बताता था कि ट्रक को कहां लेकर जाना है। पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है तथा आरोपी जितेंद्र की तलाश की जा रही है जिसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

---

### 20 साल से नौकरी की, फिर पैसे देखकर डोला ईमान

## मालिक के घर से चोरी कर लिए 17 लाख,13 लाख रुपए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

क्राइम ब्रांच 65 की टीम ने चोरी के मामले में दो आरोपी भाइयों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बबलू तथा रिंकू का नाम शामिल है आरोपी उत्तर प्रदेश के आदलपुर गांव के रहने वाले हैं जिसमें आरोपी रिंकू अपने गांव में ही रहता



था और आरोपी बबलू फरीदाबाद के सेक्टर 7ए में एक डॉक्टर के पास नौकरी करता था और उसके घर में तीसरी मंजिल पर रहता था। आरोपी बबलू ने डॉक्टर के घर से 17 लाख रुपए चोरी किए थे। मामले में पीड़ित डॉक्टर अपना क्लीनिक चलाते थे जहां पर आरोपी बबलू केयर टेकर और ड्राइवरी का काम करता था।

बबलू पिछले करीब 20 साल से डॉक्टर के यहां नौकरी करता था और उनका सारा काम संभालता था। पुलिस को दी अपनी शिकायत में डॉक्टर ने बताया कि उसने अपने मकान की अलमारी में 17 लाख रुपए रखे थे जो चोरी हो गए हैं। पीड़ित की शिकायत के आधार पर थाना सेक्टर-8 में चोरी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले में जांच की गई जिसमें पुलिस जांच के दौरान नौकर बबलू पर शक हुआ जिससे मामले में गहनता से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि उसने 8 जून को डॉक्टर की पत्नी को पैसे रखते हुए देख लिया था जिससे उसके मन में लालच आ गया और उसने 9 जून की रात पेचकस से अलमारी खोलकर उसने 17 लाख रुपए चोरी कर लिए।

#### नौकर व उसका भाई गिरफ्तार, साढ़े तीन लाख जुए में हार गए

पुलिस रिमांड के दौरान उसने बताया कि सारे पैसे उसने अपने भाई रिंकू को दे दिए। पुलिस ने कल आरोपी रिंकू को उसके गांव से गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से 13 लाख रुपए बरामद किए। आरोपी रिंकू नशेड़ी किस्म का व्यक्ति है जो जुआ खेलता है। आरोपी रिंकू साढ़े तीन लाख रुपए जुए में हार गया और 50 हजार रुपए उसने नशे में खर्च कर दिए। बाकी के पैसे पुलिस द्वारा बरामद किए गए।

---

### ऑपरेशन आक्रमण अभियान

## अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों के खिलाफ 37 मुकदमे दर्ज कर 38 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस महानिदेशक हरियाणा शत्रुजीत कपूर के आदेश एवं पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निर्देश पर डीसीपी क्राईम एवं जोनल डीसीपी के मार्गदर्शन में फरीदाबाद पुलिस की विभिन्न यूनिट ने कार्रवाई करते हुए अपराध पर अंकुश लगाने व अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियो तथा गैर कानूनी धंधा करने वालों पर कारगर ढंग से प्रहार करते हुए पुलिस ने विशेष अभियान ऑपरेशन आक्रमण के तहत शहर, कस्बों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर नाकाबंदी व संघन चेकिंग अभियान चलाकर उपस्थिति दर्ज करवाई तथा विभिन्न अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए फरीदाबाद पुलिस की 134 टीमों ने मादक पदार्थ तस्करों एंव अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे आरोपियो के ठिकानों पर छापेमारी तथा चेकिंग अभियान चलाया।

#### जनता से सहयोग करने की अपील की

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के निर्देश पर जिला में विशेष अभियान ऑपरेशन आक्रमण चलाकर



विभिन्न अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में 37 मामले दर्ज किए गए और 38 आरोपियों को काबू किया गया। जिसमें आबकारी अधिनियम के तहत 13 अभियोग दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर 204 बोतल देशी शराब बरामद की गई। साथ ही जुआ अधिनियम के तहत 14 अभियोग दर्ज कर आरोपियों को काबू कर उनके कब्जा से 33790 रुपए बरामद किया गया। अवैध हथियार के 5 मामले दर्ज कर 5 देशी कट्टे, 4 कारतूस बरामद किया गया। एनडीपीएस के 4 मुकदमे दर्ज कर 1290 ग्राम गांजा बरामद किया। इसके अलावा चलाए गए विशेष अभियान के तहत 5 पीओ, 3 बेल जंपर गिरफ्तार किए गए। ऑपरेशन आक्रमण के दौरान पुलिस टीम ने प्रत्येक वाहन व व्यक्ति की बारीकी से चेकिंग कर संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखी गई। लेन ड्राइविंग करने वाले 24 वाहन चालकों के चालान किए गए।

#### मादक पदार्थ तस्करों व अवैध असलाधारकों के खिलाफ अभियान

इस अभियान के तहत जिला पुलिस टीमों ने विशेष तौर पर मादक पदार्थ तस्करों व अवैध असलाधारकों के खिलाफ अभियान चलाया। शहर के चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में संदिग्ध मार्गों पर विशेष रूप से नाकाबन्दी, चेकिंग व पैदल गश्त कर पुलिस ने उपस्थिति दर्ज करवाई। ऑपरेशन आक्रमण के तहत सम्बंधित थाना क्षेत्र व चौकियों में पुलिस की अलग-अलग टीमें लगातार गश्त पर रहीं। संदिग्ध लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई गई। अपराधों को रोकने के लिए जनता से भी सहयोग की अपील की गई। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य आमजन में पुलिस की मौजूदगी दर्ज कराना है पुलिस कमिश्नर ने पुलिस कर्मचारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि पुलिस का काम केवल अपराधों पर रोक लगाना नहीं बल्कि जनता के साथ मधुर सम्बंध रखते हुए उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूक करना भी है।

## खबर संक्षेप

### डिजिटली सक्रिय होंगे प्रदेश के परिषदीय विद्यालय

**लखनऊ।** योगी सरकार प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों को डिजिटली एक्टिव करने को लेकर अपनी मुहिम को आगे बढ़ाने जा रही है। इस क्रम में प्रदेश भर के परिषदीय स्कूलों के सभी 12 तरह के रजिस्टर्स को डिजिटल किए जाने के साथ ही शिक्षकों और छात्रों की उपस्थिति भी डिजिटल मार्क किए जाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके अंतर्गत छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों को भी टैबलेट पर फेस रिकग्निशन सिस्टम से उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

### एसओ के बाद अब दारोगा समेत 3 पर गिरी गाज

**प्रतापगढ़।** जिम्मेदारी निभाने के प्रति लापरवाही बरतने व जनता से अच्छा व्यवहार न करने वाले



पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई जारी है। एसओ कोहंड़ौर व चौकी प्रभारी मदाफरपुर को लाइन में भेजने के बाद अब एक दारोगा व दो सिपाही नापे गए हैं। एसपी ने बाघराय थाने के उप निरीक्षक सचिन पटेल, कुंडा थाने के सिपाही आशीष व मानधाता थाने के सिपाही सत्यम को लाइन हाजिर कर दिया।

### डंपर ने बाइक सवार दंपती को कुचला, मौत

**मुरादाबाद।** बाइक सवार दंपती को गलत दिशा से आ रहे डंपर ने कुचल दिया। इसमें दोनों की मौके



पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोहनपुर कुंदरकी से अपने ससुराल असमोली जा रहे योगेश (25) की बाइक को लोदीपुर राजपूत गांव के पास गलत दिशा से आ रहे डंपर ने कुचल दिया। इसमें योगेश और उनकी पत्नी हिमांशी दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर डंपर को कब्जे में ले लिया।

# नीट पेपर लीक मामले में बिना कुछ बोले चले गए नीतीश कुमार

> सीएम नीतीश कुमार ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर चुप्पी साध ली है। रविवार को बापू टावर का जायजा लेने पहुंचे सीएम नीतीश कुमार पत्रकारों के सवालों को नजरअंदाज करते हुए वहां से लौट गए।

एजेंसी ▶▶ पटना

नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में मचे बवाल के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुप्पी साध ली है। रविवार को सीएम नीतीश कुमार से जब पत्रकारों ने इस मामले में सवाल किया तो वो इस पर प्रतिक्रिया दिए बिना गाड़ी में बैठकर चले गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रविवार की सुबह बापू टावर का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान जब वह निरीक्षण कर बाहर निकले तो पत्रकारों ने नीतीश कुमार से सवाल किया कि आरजेडी और कांग्रेस ने नीट पेपर लीक को लेकर मुद्दा बनाया है। इस पर जवाब देने के बजाय सीएम बिना कुछ कहे गाड़ी पर बैठ गये और चले गए।

### सवाल को अनसुना कर मीडिया कर्मियों से बापू टॉवर के बारे में बात करने लगे



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बापू टावर का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ मंत्री विजय चौधरी और राज्यसभा सांसद संजय झा भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को एक से दो महीने के अंदर बापू टॉवर को खोलने का निर्देश दिया। इस दौरान वहां मौजूद मीडियाकर्मियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से नीट प्रश्नपत्र लीक से जुड़ा सवाल कर दिया। सवाल को पहले उन्होंने अनसुना किया फिर उस सवाल पर वो चुप्पी साध गए। बात बदलकर बापू टावर के बारे में बताने लगे। नीतीश कुमार ने वहां मौजूद पत्रकारों से कहा कि बापू टावर जल्द ही बन रहा है। हम तो बराबर देख ही रहे हैं। इन लोगों को काम करने थोड़ी देर हो रही है, लेकिन हम बराबर आकर देख रहे हैं। जल्दी से जल्दी एक डेढ़ महीना के भीतर हम इसका काम पूरा करवा देंगे। वही तो हम देखने न आते हैं जी. मेरा पहले का सुझाव रहा है, एक महीना में तैयार हो जाएगा।

### सीएम नीतीश कुमार ने मीठापुर-पुनपुन फोरलेन सड़क का लिया जायजा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को निर्माणाधीन मीठापुर-सिपारा-महुली-पुनपुन फोर लेन पथ परियोजना की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने इसके पहले फेज का काम दिसंबर 2024 तक पूरा करने का अधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही कहा कि मीठापुर-सिपारा-महुली-पुनपुन फोर लेन पथ परियोजना के निर्माण कार्य में तेजी लाएं और जल्द पूर्ण करें। इस परियोजना का निर्माण पूरा होने पर पटना शहर में जाम की समस्या से निजात मिलेगी। वहीं पुनपुन एवं संपत चक क्षेत्रों से आवागमन सुविधाजनक हो जाएगा।

**दिसंबर तक पूरा करने का दिया निर्देश**

## सीएम योगी ने खोला भर्ती का रास्ता

# यूपी में होगी 42 हजार होम गार्ड की भर्ती, साप्ताहिक ड्रिल कराने का निर्देश

> उत्तर प्रदेश में जल्द ही होमगार्ड के 42 हजार पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरु होने वाली है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सीधे 2 चरणों में इस भर्ती प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश देते हुए बंपर वैकेंसी को भरने का रास्ता साफ कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सरकार की ओर से प्रदेश के युवाओं को रोजगार देने के मुहिम के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा फैसला लेते हुए 42000 होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती के आदेश दिए हैं। उन्होंने जल्द हजारों होमगाड्र्स के सेवानिवृत्त होने के दृष्टिगत जल्द भर्ती प्रक्रिया को शुरू करने को कहा। साथ ही, होमगाड्र्स को आपदा मित्र के रूप में तैनात करने के लिए नियमावली बनाने का निर्देश भी दिया।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश यहां होमगार्ड के विभाग की समीक्षा के दौरान दिए हैं। क़ानून-व्यवस्था और आपदाकाल की स्थिति में होमगार्ड के स्वयंसेवकों की भूमिका की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न राज्यों में भी उत्तर प्रदेश के होमगार्ड स्वयंसेवकों ने उत्कृष्ट कार्य किया है। इसलिए उन्हें बेहतर सुविधाएं भी मिली चाहिए। सीएम ने फिटनेस के मद्देनजर साप्ताहिक ड्रिल कराने को कहा। वर्तमान में सेवारत होमगाड्र्स को आपदा मित्र का प्रशिक्षण देने की व्यवस्था शुरू करने का निर्देश दिया।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री ने कहा, आपदा मित्र के रूप में कराया जाए प्रशिक्षण
- सभी बिंदुओं के अनुरूप नियमावली तैयारी कराई जाएगी



### मैनपावर का करें सदुपयोग

योगी ने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से तैनात आपदा मित्र के रूप में हमारे पास पहले से ही दक्ष मैनपॉवर है। हमें इनका सदुपयोग करना चाहिए। आपदा मित्रों का प्रशिक्षण करावाकर उन्हें होमगार्ड स्वयंसेवक के रूप में सेवा देने का अवसर दिया जाना चाहिए। इस संबंध में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से समन्वय स्थापित करते हुए विधिक परामर्श प्राप्त कर नियमावली तैयार करवाएं।

### हर साल सेवानिवृत्त हो रहे 4 हजार

*गौरतलब है कि वर्तमान में प्रदेश में 76 हजार से अधिक पूर्णकालिक होमगार्ड स्वयंसेवक हैं। लगभग 75 हजार ड्यूटी पॉइंट पर तैनात हैं। इनमें से प्रति वर्ष लगभग 4 हजार होमगार्ड सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अनुमान के मुताबिक, वर्ष 2033 तक 42 हजार से अधिक होमगार्ड सेवानिवृत्त हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने नई नियुक्ति की प्रक्रिया समय से पूरी करने का निर्देश देते हुए कहा कि दो चरणों मे 21-21 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती करने का लक्ष्य लेकर कार्यवाही आगे बढ़ाया जाए।*

### दो चरणों में 21-21 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती

मुख्यमंत्री ने दो चरणों में 21-21 हजार होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती किए जाने का लक्ष्य लेकर प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। कारागार व होमगार्ड राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति का कहना है कि होमगार्ड जवानों को आपदा मित्र के रूप में तैयार करने के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ जल्द बैठक कर सभी बिंदुओं के अनुरूप नियमावली तैयारी कराई जाएगी। मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुतीकरण के बाद भर्ती प्रक्रिया को शुरू कराया जाएगा।

## भविष्य की रणनीति पर भी चर्चा

# लोस चुनाव के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती की पहली बैठक में हार पर की समीक्षा



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद अपनी पहली बैठक की। इस महत्वपूर्ण बैठक में उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी परिणामों पर चर्चा की और आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया।

### मायावती और आकाश आनंद एक मंच पर

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार मायावती और आकाश आनंद एक मंच पर दिखाई दिए। इस मंच साझा करने से पार्टी में एकजुटता और सामंजस्य का संदेश गया। मायावती और आकाश आनंद का एक साथ आना पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। मायावती की इस समीक्षा बैठक से स्पष्ट है कि बसपा आगामी चुनावों के लिए अपनी रणनीति में बदलाव करने के लिए तैयार है।

## चदन टीका व चरणामृत देने पर कोई रोक नहीं

# अगले महीने बन जाएगा प्रथम तल, स्थापित होगा रामदरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या।

राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने रविवार को मंदिर निर्माण के कार्यों की समीक्षा की। चल रहे कार्यों का निरीक्षण भी किया। इसके बाद पत्रकारों को बताया कि राम मंदिर के प्रथम तल का निर्माण 90 फीसदी पूरा हो चुका है। आगामी जुलाई तक प्रथम तल पूरी तरह तैयार हो जाएगा। इसके बाद प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना की जाएगी। मार्च 2025 तक परकोटे समेत राम मंदिर का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस समय रामलला के दरबार में रोजाना एक लाख भक्त दर्शन कर रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब तक करीब दो करोड़ लोग रामलला के दरबार में हाजिरी लगा चुके हैं। पहले दिन की बैठक में राममंदिर निर्माण की प्रगति की समीक्षा व संग्रहालय निर्माण पर मंथन हुआ है।



## पेज एक का शेष

### नीट-यूजी परीक्षा...

**ऑनलाइन होनी चाहिए परीक्षाएं:** एनटीए के गठन में अहम भूमिका निभाने वाले केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय में पूर्व सचिव (उच्च-शिक्षा विभाग) आर.सुब्रमण्यम ने कहा कि नीट-यूजी परीक्षा मामले में हुई गड़बड़ी के लिए पेन और पेपर के जरिए किया गया परीक्षा का आयोजन जिम्मेदार है। इसे ऑनलाइन ही करना चाहिए था। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि एनटीए के गठन के वक्त जब परीक्षाओं को ऑनलाइन करने की चर्चा हो रही थी। तब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय इस बात पर अड़ा हुआ था कि नीट-यूजी परीक्षा पेन-पेपर से ही होगी। उनके अड़ियल रवैये की वजह से ही हम इसे ऑनलाइन मोड में कराने की व्यवस्था नहीं बना सके। जबकि दूसरी ओर इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षा जेईई ऑफलाइन से ऑनलाइन हो गई। उन्होंने कहा, वर्तमान में एनटीए के पास स्वायत्तता तो है लेकिन सचिव बोर्ड का सदस्य है और उसकी नियुक्ति सरकार करती है। ऐसे में एजेंसी पर कुछ हद तक केंद्र का नियंत्रण रहता है। लेकिन इसकी पूर्ण कमान नौकरशाह से लेकर अकादमिक व्यक्ति को नहीं दी जा सकती है। क्योंकि परीक्षाएं कराना प्रशासनिक कार्य है न कि अकादमिक। हां, प्रश्न पत्र तैयार करना अकादमिक कार्य है।

**अत्यधिक खर्च के चलते नहीं बने एनटीए के केंद्र:** सुब्रमण्यम ने बताया कि एजेंसी के गठन के दौरान एक प्रस्ताव यह भी था कि एनटीए के देशभर में अपने अलग परीक्षा केंद्र होंगे। जिनमें ये समय-समय पर विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन करेगी। लेकिन चर्चा के दौरान इस पर आने वाले अत्यधिक खर्च और देखभाल के मामले के सामने आने पर उक्त प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं दी सकी। नीट जैसी व्यापक परीक्षा का जेईई की तरह दो बार या उससे अधिक बार आयोजन करना चाहिए। पेन-पेपर दो-दो बार परीक्षा नहीं हो सकती है। क्योंकि उसमें कीमत और गड़बड़ी का बड़ा खतरा रहता है।

**एनटीए के पुनर्गठन से मिलेगी राहत:** इग्नु में प्रोफेसर और एनआईओएस के पूर्व अध्यक्ष प्रो.सी.बी शर्मा ने कहा कि एनटीए को बंद करने का कोई सवाल ही नहीं उठता है। हां, इतना जरूर है कि जब इसका गठन किया गया था। तब किसी ने ये नहीं सोचा था कि इसके पास आने वाले समय में इतना ज्यादा काम होगा। यह मामला फिलहाल उच्च स्तरीय समिति देखेगी। उसकी सिफारिशों के आधार पर इसके पुनर्गठन की कवायद होगी।

### ग्रेस मार्क्स वाले 1563 ...

को लेकर बिहार पुलिस से उसे फिलहाल कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। जबकि मीडिया के कुछ भागों में शिक्षा मंत्रालय को बिहार पुलिस द्वारा रिपोर्ट सौंपे जाने की जानकारी सामने आई है।

**छत्तीसगढ़, हरियाणा में परीक्षा देने वाले छात्रों की संख्या:** मंत्रालय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 23 जून को कुल 602 छात्रों को नीट-यूजी की फिर से परीक्षा देनी थी। लेकिन इनमें से 291 छात्रों (48.33 फीसदी) ने ही परीक्षा दी और 311 छात्र अनुपस्थित रहे। राज्य में परीक्षा के लिए दो केंद्र बनाए गए थे। इनमें बालोद के डीएवी आईएसपीएटी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में 115 और दंतेवाड़ा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी मीडियम सरकारी गर्ल्स एच.एस स्कूल में 176 छात्रों ने परीक्षा दी। जबकि इन दोनों केंद्रों पर क्रमशः 185 और 417 छात्रों को परीक्षा देनी थी। इसके अलावा हरियाणा के दो केंद्रों पर 494 में से 287 छात्रों (58.9 फीसदी) ने परीक्षा दी। इनमें डीएवी पब्लिक स्कूल, झज्जर में 178 और केंद्रीय विद्यालय (झज्जर) में 109 छात्र परीक्षा में बैठे। जबकि इन दोनों केंद्रों पर परीक्षा में भाग न लेने वाले छात्रों का आंकड़ा क्रमशः 134 व 73 रहा। वहीं, केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ में नीट-यूजी के ग्रेस मार्क्स पाने वाले दो छात्रों को परीक्षा देनी थी। इसके लिए सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल (सेक्टर-44 डी), चंडीगढ़ में एक परीक्षा केंद्र बनाया गया था। लेकिन दोनों ही छात्र परीक्षा देने के लिए नहीं पहुंचे।

**गुजरात में 1, मेघालय में 234 ने दी परीक्षा:** गुजरात में सूरत के माउंट लिटेरा जी स्कूल में बनाए गए एक परीक्षा केंद्र में एक छात्र ने परीक्षा दी। राज्य में ग्रेस मार्क्स का मामला एक छात्र से ही जुड़ा हुआ था। जबकि पूर्वोत्तर के मेघालय में ग्रेस मार्क्स पाने वाले कुल 464 छात्रों में से डॉन बोस्को कॉलेज, तुरा में बनाए गए केंद्र में 234 छात्रों (50.43 फीसदी) ने परीक्षा दी और 230 छात्र अनुपस्थित रहे।

### नीट-पीजी परीक्षा स्थगित...

एक्स पर लिखा कि वह और उनकी बहन परीक्षा केंद्र तक पहुंचने के लिए 200 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा करके आई हैं। उन्हें परीक्षा स्थगित होने के बारे में महज 9 घंटे पहले ही पता चला। वहीं, एक अन्य यूजर रोहन कौशिक ने भी परीक्षा के स्थगित होने पर अपनी नाराजगी सोशल मीडिया पर जाहिर की है।

**मेडिकल संगठनों की प्रतिक्रिया:** यूनाइटेड डाक्टर्स फ्रंट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.लक्ष्य मित्तल ने कहा कि परीक्षा से दस घंटे पहले ही इसे स्थगित कर दिया गया। यह डॉक्टरों की भावना के साथ एक प्रकार से किया गया खिलवाड़ है। इससे भारत का मेडिकल शिक्षा से जुड़ा सिस्टम एक प्रकार से नष्ट हो रहा है। फोर्डा इंडिया के जनरल सेक्रेटरी डॉ.सर्वेश पांडे ने कहा परीक्षा का अंतिम समय में स्थगित होना सभी अभ्यर्थियों के लिए एक ट्रामा की तरह से है। फोर्डा इस मामले को आगे भी उठाएगा। हम मांग करते हैं कि जल्द ही परीक्षा की नई तारीख का ऐलान किया जाए। फैमा डॉक्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ.रोहन कृष्णन ने कहा कि अंतिम समय में परीक्षा को स्थगित करने से हम सभी अत्यंत दुखी हैं। सभी अभ्यर्थियों विभिन्न राज्यों में अपने केंद्रों पर पहुंच गए थे। मुझे उम्मीद है कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड के पास इस परीक्षा को स्थगित करने के ठोस कारण होंगे और उन्हें तत्काल जवाब देना चाहिए।

### नीट-यूजी पेपर...

चार लोगों को गिरफ्तार किया है। और करीब डेढ से दो सौ लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। वहीं, सीबीआई की टीम के अधिकारियों ने दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। बिहार तो अभी इस पूरे मामले का एक एपीसेंटर बन चुका है जहां पर सबसे ज्यादा गिरफ्तारियां हुई हैं।

**महाराष्ट्र के 2 अध्यापकों से भी पूछताछ:** अब नीट पेपर लीक का कनेक्शन महाराष्ट्र में भी मिला है। पुलिस ने दो अध्यापकों से पेपर लीक मामले में पूछताछ की है। जिन अध्यापकों से पूछताछ हुई है, उन्हें नांदेड़ की आंतकरोधी स्कवाड ने शक के आधार पर पकड़ा। दोनों महाराष्ट्र के जिला परिषद स्कूलों में पढ़ाते हैं। साथ ही दोनों लातूर में निजी कोचिंग सेंटर भी संचालित करते हैं। पुलिस ने दोनों से कई घंटे तक पूछताछ की और फिर जाने दिया।

### जीएसटी काउंसिल...

ओडिशा से नए वित्त मंत्री को शामिल किया जाना है। ओडिशा में भाजपा ने विधानसभा चुनाव जीतकर इसी महीने सरकार बनाई है। हरियाणा से नए वित्त मंत्री का नाम भी परिषद में शामिल किया जाना है।

**इसलिए होगा पुनर्गठन:** रियल एस्टेट सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अध्यक्षता में गठित मंत्री समूह का पुनर्गठन किया जाना है, क्योंकि बिहार के वित्त मंत्री बदल गए हैं।

### विधायक के भतीजे...

पाटिल का भतीजा है। मोहिते पाटिल एनसीपी के विधायक हैं। दिलीप मोहिते पाटिल खेड़ आलंदी सीट से विधायक हैं। उनके भतीजे मयूर साहेबराव मोहिते के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। अंबेगांव तालुका के मौजे एकलहारे गांव के पास पुणे-नासिक हाइवे पर शनिवार देर रात एक हादसा हुआ। इस हादसे में ओम सुनील भालेराव की मौत हो गई। इस मामले में नितिन रामचंद्र भालेराव ने मंचर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है।

**मयूर मोहिते के नशे में होने का आरोप:** आरोप है कि हादसे के वक्त कार ड्राइवर मयूर मोहिते नशे में था। वह गलत साइड पर कार चला रहा था। विधायक दिलीप मोहिते पाटिल ने अपने भतीजे पर लगे आरोपों से इनकार किया है। विधायक का कहना है कि मैं गलत काम का समर्थन नहीं करता। मेरा भतीजा पेशे से इंजीनियर है। वह एक उद्यमी है। उन्होंने अपने जीवन में कभी शराब नहीं पी। जो हुआ वह गलत है। जिस परिवार पर दुख का पहाड़ टूटा है, मैं उस परिवार के दुख में शामिल हूं। मोहिते पाटिल ने कहा कि मैं उस परिवार से मिलने जा रहा हूं।

### शिवराज और हिमंता...

है। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने बताया कि राज्य चुनाव प्रभारी और सह प्रभारी के रूप में दोनों नेता अपने पहले दौरे में पार्टी नेताओं, कोर कमेटी के पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, जिला प्रभारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और लोकसभा चुनाव प्रदर्शन की समीक्षा भी करेंगे। रविवार को ये बैठकें आयोजित हो रही हैं। शाहदेव ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए रोडमैप तैयार किया जा रहा है। रांची दौरे पर शिवराज सिंह चौहान और हिमंता बिस्व सरमा ने पार्टी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आईसीएआर, नामकुम परिसर और रांची के हटिया इलाके में लीची बागान में पौधे रोपे।

### सरकार को 15...

करते हुए रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। मेटल का कारोबार करने वाली महिला आरोपी एक साथ कई कंपनियों के नाम से आईटीसी ले रही थी। सभी ऐसी कंपनियां थीं जिसका अस्तित्व सिर्फ कागजों पर था। डीसीपी क्राइम शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि बीते दिनों गिरफ्त में आए आरोपियों से सैकड़ों फर्जी कंपनियों के बारे में जानकारी मिली थी। जब इसकी तह तक पहुंचा गया तो पता चला कि कोयम्बटूर की महिला कारोबारी सुगन्यया प्रभु समेत अन्य लोगों द्वारा इन कंपनियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके बाद कोयम्बटूर के रेस कोर्स रोड पर स्थित वेंकट रथना अपार्टमेंट निवासी सुगन्यया प्रभु की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित की गई। टीम के सदस्यों ने कोयम्बटूर में डेरा डाला और सुगन्यया प्रभु को गिरफ्तार कर नोएडा ले आई।

### चरणामृत, चंदन लगाने ...

श्रद्धालुओं को पुजारी चंदन भी लगाते हैं, इनमें आम से लेकर खास तक शामिल होते हैं। इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। दर्शनपथ पर हर एक श्रद्धालु को प्रसाद देने की भी व्यवस्था की गई है।

**आम अयोध्यावासी भी बनवा सकेंगे पास:** आम अयोध्यावासी भी यदि रामलला के नित्य दर्शन करना चाहते हैं तो राममंदिर ट्रस्ट के कार्यालय संपर्क कर सकते हैं। हालांकि ट्रस्ट कार्यालय में आवेदन स्वीकार करने की सुविधा अभी शुरू नहीं की गई है। जल्द ही इसके लिए ट्रस्ट के कर्मियों की तैनाती कर पंजीकरण की सुविधा शुरू की जाएगी।

# किराएदारों को बड़ी राहत देने की तैयारी में योगी सरकार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

सीएम योगी आदित्यनाथ ने किराये के मकानों में रह रहे लोगों को बड़ी राहत देने की तैयारी की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्टांप और रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था पर जोर देते हुए इसका मसौदा तैयार कराने का निर्णय लिया है। सीएम योगी के इस फैसले से मकान मालिकों को भी फायदा मिलेगा। दरअसल सीएम योगी ने आवासीय, अनावासीय और व्यावसायिक संपत्ति के रेंट एग्रीमेंट के स्टाम्प रजिस्ट्रेशन शुल्क को कम करने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी ने एग्रीमेंट की प्रक्रिया को सरल करने पर भी जोर दिया है।मुख्यमंत्री ने शनिवार को स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के अधिकारियों के साथ अहम बैठक में ये निर्देश। उन्होंने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन रूल्स 2024 के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि ईज ऑफ लिविंग, बेहतर रिकॉर्ड और डाटा मैनेजमेंट के लिए स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन की ऑनलाइन व्यवस्था आज की आवश्यकता है।

## होटल में महिला सिपाही के साथ पकड़े जाने पर हुआ डिमोशन

# उन्नाव के डिप्टी एसपी को बना दिया कॉन्स्टेबल, गोरखपुर पीएसी भेजे गए



एजेंसी ▶▶ उन्नाव।

उत्तर प्रदेश के उन्नाव में डिप्टी एसपी रहे कृपा शंकर कनौजिया को एक गलती भारी पड़ गई और वो अब अधिकारी से सीधे सिपाही बना दिए गए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक कृपा शंकर कनौजिया ने 6 जुलाई 2021 को उन्नाव के एसपी से पारिवारिक वजहों से छुट्टी मांगी थी। इसके बाद वो जुलाई 2021 से ही लापता हो गए थे और बाद में पता चला कि छुट्टी मंजूर होने के बाद वो घर जाने की बजाय कहीं और चले गए थे।

सीओ कनौजिया को एक महिला सिपाही के साथ होटल में पकड़ा गया था। रिपोर्ट के मुताबिक उस दौरान उन्होंने कानपुर के एक होटल में चेकइन किया था और महिला सिपाही भी उनके साथ थी। इस दौरान सीओ ने अपने प्राइवेट और सरकारी, दोनों मोबाइल नंबर बंद कर दिया था।

वहीं दूसरी तरफ सीओ कृपा शंकर का नंबर बंद आने की वजह से जब परेशान पत्नी ने जानकारी हासिल की तो उन्हें पता चला कि उसके पति छुट्टी लेकर घर के लिए निकले थे लेकिन पहुंचे नहीं। इस पर पत्नी ने एसपी उन्नाव को फोन करके मदद मांगी थी।

### पत्नी की शिकायत पर एसपी ने की जांच तो खुल गया भेद

किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए उन्नाव के एसपी ने सीओ कृपा शंकर का पता लगाने के लिए सर्विलांस टीम को काम पर लगाया। इसी दौरान पता चला कि सीओ कृपा शंकर कनौजिया का मोबाइल नेटवर्क कानपुर में एक होटल में आकर बंद हुआ था। उन्नाव पुलिस कानपुर के उस होटल में पहुंची, जहां सीओ की लोकेशन पता चली थी। पुलिसकर्मियों ने जांच की तो कानपुर के होटल में सीओ और महिला सिपाही एक साथ मिले। बताया जा रहा है कि सबूत के तौर पर उन्नाव पुलिस सीओ से जुड़े वीडियो अपने साथ ले गई थी। होटल में एंट्री करते समय सीओ और महिला सिपाही सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुए थे।

## कन्नौज में बड़ा सड़क हादसा

# एक्सप्रेस-वे से नीचे गिरी यात्रियों से भरी डबल डेकर लग्जरी बस

एजेंसी ▶▶ कन्नौज

उत्तर प्रदेश के कन्नौज में रविवार की सुबह यात्रियों से भरी डबल डेकर लग्जरी बस एक्सप्रेस-वे से नीचे गिर गई। यह भयानक हादसा आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ। इस हादसे में 25 यात्री घायल हो गए हैं, इनमें से 14 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस रेस्क्यू टीम के साथ पहुंची। हादसे में घायल सभी 25 लोगों को सीएचसी सौरिख में भर्ती कराया गया है, जिसमें 14 लोगों की हालात गंभीर होने पर उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया है।

### जौनपुर से दिल्ली जा रही थी बस



मिली जानकारी के अनुसार, डबल डेकर लग्जरी बस जौनपुर से दिल्ली जा रही थी। इस बीच सुबह 4 बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर कन्नौज के सौरिख थाना के किलोमीटर संख्या 159 के पास बस ने अपना बैलेंस खो दिया और एक्सप्रेस-वे के नीचे जा गिरी। हादसे के वक्त बस में 45 लोग सवार थे। हादसे में बचे लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस की टीम बचाव दल के साथ घटनास्थल पर गई। यहां पुलिस ने सबसे पहले घायल लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने बताया कि हादसे में कुल 25 लोग घायल हुए, इनमें से 14 की हालत काफी गंभीर है। उनका इलाज राजकीय मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

### हादसे में 25 लोग घायल

*मामले की जांच कर रहे छिबरामऊ सीओ ओमकार नाथ शर्मा ने बताया कि घायल लोगों की पहचान जंग बहादुर (52), लकी बिंद (18), इशिका (8), सत्यम (33), आराधना (26), फरहान (25), काजल तिवारी (26), राहुल तिवारी (29), राघव तिवारी (9 महीना), इला द्विवेदी (24), विकास मौर्य (24), पूर्णिमा मौर्य (26), शिवम (24) और अनीता सिंह (23) शामिल हैं।*

